(ख) क्या यह सच है कि चुनाव आयोग तथा कुछ मंत्रालयों के अधीनस्थ कार्यालय अभी तालकटोरा बैरक, नई दिल्ली में कार्य कर रहे हैं जिन्हें बहुत पहले ही असुरक्षित घोषित किया जा चुका है ;

(ग) यदि भाग (क) तथा (ख) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या उनके मंत्रालय ने ऐसे भवनों को खाली कराने के लिये कोई कार्यवाही की है ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने ऐसे भवनों में कार्य कर रहे अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये कोई उपाय किये हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री के० के० शाह): (क) कोई भी मंत्रालय ऐसे भवन में स्थित नहीं है जो कि ख़तरनाक घोषित कर दिया गया हो । फिर भी कुछ मंत्रालयों के कतिपय कार्यालय ऐसे भवनों में स्थित हैं ।

(ख) तालकटोरा की बैरकें, जिनमें चुनाव आयोग तथा अन्य कार्यालय कार्य कर रहे हैं ख़तरनाक घोषित नहीं की गई हैं ।

(ग) तथा (घ). संबंधित कार्यालयों से अनुरोध किया गया है कि जहां तक संभव हो आन्तरिक व्यवस्था के द्वारा कार्यालयों/अनुभागों को अन्य स्थान पर हटा कर इमारत के ख़तरनाक भाग को खाली कर दें । जहां ऐसी आंतरिक व्यवस्था संभव नहीं है वहां वैकल्पिक वास ढूंढने के प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

Violation of Country's Laws by UNESCO

*596. SHRI MADHU LIMAYE : Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government have received further information from an M. P. about the violation of the laws of the country by the UNESCO Mission in this country;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : (a) and (b). Presumably, the reference in the question is to a letter dated 19th May, 1969 addressed to the then Deputy Prime Minister by Shri Madhu Limaye, M. P., containing allegations against certain officials of the UNESCO Office in New Delhi. The main allegations contained in the letter are:

(*i*) Misuse of the Convertible Currency Account of the UNESCO office in New Delhi for purposes other than those for which the said account is intended;

(*ii*) Clearance of duty free liquor from bonded stocks and subsequent sale of the same by Shri S. P. Dewan, Administrative Officer of the UNESCO office in New Delhi.

(*iii*) Misuse of diplomatic privileges by the officials of the UNESCO office in New Delhi in the matter of importation of certain items and involvement of Shri S. P. Dewan therein.

(c) Necessary enquiries in the matter are being made.

जीवन बीमा निगम द्वारा कम्पनियों में धन लगाना

*597. **श्री कंवरलाल गुप्त** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विभिन्न कम्पनियों में धन लगाने के सम्बन्ध में जीवन बीमा निगम द्वारा किस प्रक्रिया का पालन किया जाता है ?

वित्त मंत्रालय में उप मन्त्री (श्री जगन्नाथ पहाड़िया) : निवेशों के लिए प्रस्ताव निगम के निवेश विभाग से आ सकते हैं जो उसके अध्ययन पर आधारित होते हैं । हिस्सों, ऋण-पत्रों आदि के क्रय-विक्रय के लिए दलालों